हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025



# शितली बेयरिया, शीतल दूजे पनिया कब देब देवता तू, आके दरशनियां...

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूर्योपासना का महापर्व छठ सोमवार को भक्ति भाव से मनाया गया। इस दौरान सरगुजा छठी मईया की मधुर गीतों से गूंज उठा। छठ पर्व के अवसर पर व्रतियों ने विभिन्न घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की। छठ पूजा को लेकर घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पडा। व्रतियों ने स्नान करने व जल चढाने के बाद अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान भीड़ को मद्देनजर रखते हुए समितियों के साथ ही जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक पैमाने पर व्यवस्थाएं की गई थी।

दीपावली के छह दिन बाद मनाए जाने वाले सूर्योपासना के महापर्व छठ को लेकर लोगों व समितियों द्वारा महीने भर से तैयारियां की जा रही थी। छठ पर्व को लेकर घाटों की साज सज्जा व सफाई का कार्य समितियों द्वारा किया जा रहा था। शनिवार को व्रतियों ने नहान खान के साथ पूजा की शुरुआत की जबकि रविवार को घाट बांधने व खीर भोजन के बाद व्रतियों के कठिन व्रत की शुरुआत की। 36 घंटे के कठिन व्रत के बीच सोमवार की दोपहर से ही शहर के प्रमुख छठ घाट शंकर घाट सहित बांक नदी तट पर, घुनघुट्टा बांध स्थित खर्रा नदी छठ घाट, शिव सागर बांध पैलेस घाट, मैरिन ड्राइव तालाब, गोधनपुर तालाब, सत्तीपारा तालाब, जेलपारा तालाब, शिवधारी तालाब, महामाया तालाब, खैरबार नहरपारा सहित सभी घाटों में भक्त पहुंचने शुरू हो गए थे। छठ पूजा के लिए कई श्रद्धालु वाहनों से पूजन सामग्री लेकर घाट पहुंचे जबकि अधिकांश व्रति रंग-बिरंगे नए परिधानों में गाजे बाजे के साथ विभिन्न मार्गों से पैदल पारंपरिक छठ गीतों को गाते हुए घाट आईं। इस दौरान परिजन पूजन सामग्री से भरे टोकने व गन्ने को सिर पर रखकर पैदल पहुंच रहे थे। छठ गीतों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा। व्रतियों एवं परिजन के रैला के बीच कई व्रती महिला-पुरूष अपने घर से छठ घाट तक दण्डवत करते पहुंचे थे। भक्तों ने शाम को पांच से साढ़े पांच बजे तक अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। अर्घ्य देने के साथ ही व्रतियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। वहीं मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने व हवन पूजन के साथ कठिन व्रत का समापन किया जाएगा।



## जगराता में झूमे श्रद्धालु

शारदीय नवरात्रि के दौरान शंकर घाट स्थित मां महामाया छठ पूजा समिति द्वारा छठ व्रतियों के लिए व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई थी। छठ पूजा को लेकर परिसर में पंडाल व टेंट लगाए गए थे। पूजा के लिए दूध, ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में व्रती सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात वापस लौट आई जबकि हजारों की संख्या में व्रती छठ घाट पर ही मौजूद रही। इस दौरान रात में छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए आयोजन समिति द्वारा जगराता की व्यवस्था की गई थी। जगराता में रात भर श्रद्धालु झूमते रहे। इसके साथ ही छठ घाटों पर मेले जैसा माहौल देखने को मिला।

### गिट्टी-पत्थर पर नंगे पांव चली व्रती

छठ पूजा के लिए व्रतियों को छठ घाट पहुंचने खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रामानुजगंज चौक से शंकरघाट तक सड़क की स्थिति बेहद जर्जर है। लोगों के आंदोलन व सड़क पर उतारकर आक्रोश व्यक्त के बाद गड्ढों को भरने के लिए गिट्टी-जीएसबी मटेरियल डालकर रोलर तो चला दिया गया। इस पहल से गड्ढे तो भर गए लेकिन समस्या कम नहीं हुई। सोमवार को कठिन व्रत रखने वाली व्रती महिलाएं नंगे पांव गट्टी-पत्थर पर चलकर शंकरघाट स्थित छठ घाट पहुंची। ऐसे में उन्हें खासी परेशानी और तकलीफों का सामना करना पड़ा।

SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**अम्बिकापुर।** मंगलवार से सरगुजा में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू होगी। इस दौरान प्रदेशभर से आए खिलाड़ी विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस खेल प्रतियोगिता का उद्घतान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल और सांसद चिंतामणि महराज के आतिथ्य में होगा। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा ने बताया कि 28 अक्टूबर प्रतियोगिता का उद्घाटन मल्टी परपज स्कूल परिसर में किया जाएगा। इस बार जिले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के तहत खिलाड़ी फुटबॉल (बालिका - 19 वर्ष), बैडमिंटन (बालक एवं बालिका - 14, 17, 19 वर्ष), क्रिकेट (बालक - 14 वर्ष), बास्केटबॉल (बालक एवं बालिका - 14, 17, 19 वर्ष) में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी खेल मैदानों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत, उपकरण व्यवस्था पूरी कर ली गई है।

# केन्द्रीय जेल के बाहर बैठकर आरोपी ने की फोन पर बातचीत, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ जांच के बाद दो आरक्षक निलंबित

एएसआई के घर में घुसकर मारपीट करने वाले जिला बदर के आरोपी को जेल के बाहर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में एसपी ने कार्रवाई की है। जेल के बाहर कैदी को मोबाइल फोन पर बात करने की अनुमति देने वाले दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही इस प्रकरण की जांच जारी है।

बता दें कि जय आदित्य तिवारी उर्फ अंश पंडित आ. अशोक कुमार तिवारी उर्फ बाबा पंडित ने दीपावली की रात एएसआई राकेश मिश्रा के घर में घुसकर वाहनों में तोड़फोड़ और मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने पुलिस ने अंश पंडित को बीएनएस की धारा 296, 351 (3), 115(2), 331(6),191 (1) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया था लेकिन जब कैदी को जेल दाखिल कराया जा रहा था तो वह केन्द्रीय जेल परिसर में मुख्य गेट पर बैठकर आराम से मोबाइल फोन पर बात कर रहा था और इस घटना का वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग की कार्यशैली ही सवालों के घेरे में आ गई क्यों कि आरोपी ने पुलिसकर्मी के घर में घुसकर मारपीट की और उसी के विभाग के लोग उसे विशेष सुविधा उपलब्ध करा रहे है। इतना भी नहीं आरोपी जिला बदर है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जेल प्रबंधन की ओर से भी बयान सामने आया था। जेल अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इस मामले की जांच और कार्रवाई की बात कही थी। जेल परिसर में मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित है इसके बाद भी पुलिस की मौजूदगी में आरोपी मोबाइल फोन पर बेखौफ होकर बात कर रहा था। इस मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी की सुरक्षा ड्युटी हेतु थाना कोतवाली में तैनात आरक्षक परवेज फिरदौसी, डाक्टर सिंह सिदार, सुशील खेस का ड्युटी लगाया गया था। प्रथम दृष्टिया वीडियो में थाना अंबिकापुर से डियुटी में तैनात कर्मचारियों आरक्षक परवेज फिरदौसी, डाक्टर सिंह सिदार के लापरवाही के कारण आरोपी द्वारा मोबाईल में बातचीत करने की पुष्टि हुई। ड्युटी में तैनात आरक्षकों के द्वारा आरोपी को मोबाईल पर बात करने से न ही रोका गया और न ही मोबाईल को छीना गया जो कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं संदिग्ध आचरण को प्रदर्शित किया गया है। अतः उक्त लापरवाही के फलस्वरूप आरक्षक परवेज फिरदौसी, डाक्टर सिंह सिदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र अंबिकापुर में सम्बद्ध किया गया है।



# चक्रवाती तूफान के प्रभाव से कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ बढ़ी किसानों की चिंता

पिछले तीन दिनों से मौसम में चल रहे उतार-चढ़ाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विज्ञानी आगे भी मौसम के प्रतिकूल रहने एवं कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र अब शक्तिशाली चक्रवाती तूफान में बदल गया है। मौसम विज्ञानी मंगलवार को चक्रवाती तूफान के शक्तिशाली चक्रवाती तूफान में बदलने एवं शाम को आंध्रप्रदेश के मछली पट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा तट से टकराने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार चक्रवाती तूफान का विशेष प्रभाव दक्षिण छत्तीसगढ़ में पड़ेगा लेकिन उत्तर छत्तीसगढ़ का हिस्सा इससे पूरी तरह अछूता नहीं रहेगा। मौसम विज्ञानी चक्रवाती तूफान के प्रभाव से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में तेज हवाएं चलने के साथ ही अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम एवं कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इधर खाड़ी में लो-प्रेशर सक्रिय होने के बाद से ही शहर सहित पूरे संभागभर में बादल छाए हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर वर्षा होने की भी सूचना है। पिछले तीन दिनों से आसमान पर बादल छाने एवं वर्षा होने की सूचना पर किसानों की चिंता बढ़ गई है। धान की फसल पककर तैयार हो गई है तथा किसान तेजी से फसल की कटाई ⏭ शेष पेज 4 पर

### दो घंटे हुई झमाझम बारिश

**बिहारपुर।** सोमवार को क्षेत्र में झमाझम वर्षा हुई। बारिश से खेतों में काटकर रखी गई धान की फसल भींग गई है। बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले तीन दिनों से आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही बूंदाबादी हो रही थी। सोमवार को दिन में धूप निकली लेकिन अपराह्न 3 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही झमाझम वर्षा होने लगी। बीच-बीच में वर्षा की रफ्तार धीमी हो जा रही थी। शाम 5 बजे वर्षा बंद हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। सोमवार को सूर्यषष्ठी का पर्व होने के कारण श्रद्धालु छठ घाट जाने के लिए लम्बे समय तक बारिश बंद होने का इंतजार करते रहे। बारिश होने के बाद श्रद्धालु काफी विलंब से छठ घाट के लिए अपने घर से निकले। बारिश होने के कारण कच्चे मार्ग से आवागमन के दौरान लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा।



सुमीत बाजार
सफलता की डोर पकड़िए - हमारे
बिजनेस पार्टनर बनिए
सुमीत ग्रुप दे रहा है सुनहरा भरोसेमंद अवसर
1 यदि आपके पास 1000 वर्ग फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल वाली दुकान प्रमुख स्थान पर है, तो आप खोल सकते हैं अपना
सुमीत फ्रेंचाइजी स्टोर
2 भू-तल पर फर्निश्ड दुकान लीज पर देकर बन सकते हैं सुमीत के
रेवेन्यू शेयरिंग भागीदार
सुमीत बाजार छत्तीसगढ़ के हर जिला, तहसील और गाँव में अपना नेटवर्क तेजी से बढ़ा रहा है. आप भी इस विकास यात्रा का हिस्सा बनें!
अधिक जानने के लिये संपर्क करें
कॉल करें : 9109847900
ईमेल करें : franchise@sumeetbazaar.com
विजिट करें : सुमीत बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, पुजारी चैम्बर्स के सामने, रायपुर

**खबर संक्षेप**

## एमसीबी जिले के रवि बने प्रदेश प्रवक्ता



**मनेन्द्रगढ़।** छग प्रदेश युवा कांग्रेस ने संगठन सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए 11 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे एवं प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर को जारी आदेश के आधार पर ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन रायपुर से जारी सूची में एमसीबी जिले मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से पूर्व एल्डरमैन रवि जैन को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्रभर के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेसियों में खुशी का माहौल है। नियुक्ति प्रवक्ताओं की सूची में लक्षित तिवारी, शुभम दुबे, सत्यजीत शेंडे,समीर सिंह चौहान, सलमान नवाब, स्वप्निल हुमने, मो. सरोज, रवि जैन, तहसीन अकरम, राकेश मौर्य व प्रीति ठाकुर शामिल हैं। उक्त नियुक्ति का आदेश गुलजेब अहमद, प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन छग प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा जारी किया गया। अपनी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए रवि जैन ने कहा कि मैं राष्टीय एवं प्रदेश नेतृत्व का हृदयपूर्वक आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास व्यक्त किया। मैं संगठन की नीतियों को युवा वर्ग तक पहुंचाते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूर्ण सक्रियता, निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करूंगा। स्थानीय नेताओं ने कहा कि श्री जैन की सक्रियता और युवाओं से जुड़ाव संगठन के लिए ऊर्जा का संचार करेगी।

## आंबा भर्ती में अंकतालिका सुधार की मांग की

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत पेंड्री निवासी विधवा महिला सुमित्रा पति स्व. सूरजलाल ने आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया में गंभीर त्रुटियों का आरोप लगाते हुए अपर कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया है। सुमित्रा ने बताया कि उसने पेंड्री एवं मुडकटवापारा केन्द्रों के लिए आवेदन किया था। प्रकाशित पात्र-अपात्र सूची में मुडकटवापारा केन्द्र के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता एवं विधवा श्रेणी के अंक ही जोड़े गए हैं, जबकि जाति प्रमाण पत्र एवं राशन कार्ड आधारित अंक शामिल नहीं किए गए हैं। इसी प्रकार पेंड्री केन्द्र की सूची में भी उसे सिर्फ विधवा होने का लाभ दिया गया है, जबकि शैक्षणिक योग्यता, जाति एवं राशन कार्ड से मिलने वाले अंक दर्ज नहीं किए गए।

### रोजाना शहरवासी होते हैं परेशान

# बैंकों के बाहर पार्किंग नहीं, मनेन्द्रगढ़ में जाम

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के व्यस्त इलाकों में संचालित बैंक शाखाओं के बाहर पार्किंग की अनुपस्थिति ने शहरवासियों की रोजमर्रा की परेशानी को बढ़ा दिया है। बैंक के ग्राहकों और आम लोगों द्वारा अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करने के कारण मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक अक्सर बाधित रहता है। यह समस्या विशेष रूप से रेलवे स्टेशन रोड, स्टेट बैंक के सामने, सेंट्रल बैंक के सामने, पंजाब नेशनल बैंक के सामने व मुख्य बाजार जैसे क्षेत्रों में देखी जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

अधिकारियों के अनुसार बैंक शाखाएं बैंकिंग लेन-देन की व्यस्तता के कारण बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान कर रही हैं, लेकिन पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन मालिक त्वरित सेवा के लिए सड़क किनारे खड़े हो जाते हैं, इससे सड़क संकरी पड़ जाती है, दुपहिया व चार-पहिया वाहनों के बीच चालन कठिन हो जाता है, और ट्रैफिक जाम बन जाना आम हो गया है। स्थानीय व्यवसायियों ने कहा कि सुबह-शाम समय बैंक की कतारों के चलते सड़क के एक हिस्से में वाहन खड़े रहते हैं।

ग्राहक, बैंक जाते-आते, उपभोक्ताओं के लिए वाहन पार्क करते हैं, इसके कारण फुटपाथ, सड़क किनारा बाधित हो जाते हैं। एक व्यापारी ने कहा कि बैंक परिसर में जगह होनी चाहिए थी, पर हम लोग बाहर खड़े होकर इंतजार करते नजर आते हैं और हमारे सामने ग्राहक भी अटका हुआ महसूस करते हैं। जब ट्रैफिक पुलिस व नगर पालिका को इस समस्या से अवगत कराया गया, तो अधिकारियों का जवाब था कि जागरूकता की कमी और नियोजनहीनता कारण है। इलाका निरीक्षण के दौरान नो पार्किंग बोर्ड देखा गया है, लेकिन उसके अनुपालन के लिए पर्याप्त फोर्सिंग नहीं हो रही।




### क्या कहता है नियम

नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इंडिया के मुताबिक वाणिज्यिक भवनों में प्रति 100 वर्ग मीटर ग्राउंड फ्लोर एरिया पर कम से कम 1 कार पार्किंग स्पेस होनी चाहिए। वाहन पार्किंग को सड़क किनारे मुक्त रूप से छोड़ना आम व वाह्य यातायात के लिए बाधा उत्पन्न करता है, ऐसे मामलों में स्थानीय यातायात नियमों के तहत दंडनीय प्रावधान लागू हैं। निर्माण और उपयोग अनुमति नियमों में यह अनिवार्य है कि बांकी उपयोग के लिए पर्याप्त ऑफ-स्ट्रीट (भवन के भीतर) पार्किंग सुनिश्चित की जाए न कि सड़क किनारे।

### नागरिकों की मांग

बैंक शाखाएं अपने परिसर में ग्राहकों के वाहन पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान समायोजित करें। निगम व ट्रैफिक पुलिस मिलकर बैंक-समक्ष पार्किंग जोन चिन्हित करें, जहां बैंक वाले वाहन खड़े हों, न कि सड़क पर। बैंक के बाहर वाहन खड़े होने पर नियत चालान-प्रवर्तन के साथ वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराना आवश्यक। भविष्य में भवन एवं बैंक लाइसेंसिंग प्रक्रिया में पार्किंग की बाध्यकारी शर्त शामिल की जाए। नगरीय जनजीवन की सहजता व यातायात प्रवाह के लिए इस समस्या का त्वरित समाधान आवश्यक है।

# भाजपा अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे कोरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर




भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सनम जांगड़े का प्रथम कोरिया आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, फूल मालाओं व गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। भाजपा अजा मोर्चा के द्वारा सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व संसदीय सचिव एवं अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सनम जांगड़े, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, सुनीता कुर्रे, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी सोनपाकर, संगीता सोनवानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, अशोक सोनवानी, अनिल खटिक, दीपक चौथहा, दिलराज रवि उपस्थित रहे। भाजपा अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सनम जांगड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजना सभी वर्ग के उत्थान के लिए बनाया गया है, सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में ही एक चाय वाले के बेटा प्रधानमंत्री बन सकते हैं, एक आदिवासी बहन राष्टपति बन सकती है, एक आदिवासी मुख्यमंत्री बन सकता है, यह केवल भाजपा में ही संभव है। उन्होंने ने कहा कि भूपेश के राज में गौठान घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला जैसे अनेक घोटाला हुआ, आज भी कांग्रेस के नेता व नेताओं के बेटे जेल के अंदर है और कांग्रेस कभी भी अनुसूचित जाति के हित में कभी कोई काम नहीं किया। अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर अग्रसर है, हम भारत में निर्मित वस्तुओं को ही खरीदे व उपयोग कर, हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी व आत्मनिर्भर बनाने में कार्यकर्ताओं को आह्वान किया। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अजा मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी के रीड के हड्डी के रूप लगातार मेहनत कर रहे हैं, जिसका लाभ पार्टी को हमेशा मिलता रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर हम पिछले बैकुंठपुर विधानसभा चुनाव में हमने 25000 वोटो से विजयी रहे। आने वाले समय में पार्टी कार्यकर्ताओं के मेहनत से बूथ, मंडल एवं जिला को सशक्त करेंगे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, राकेश गुप्ता, अशोक सोनवानी, रीता यादव, पुष्पा राजवाड़े, कल्पना, धर्मजीत सोनवानी, मनोज सोनवानी, सतेन्द्र राजवाड़े, हरिओम साहू, रोशन राजवाड़े, नोखेलाल कुर्रे, जय चक्रधारी, गोपी कुर्रे, रमेश पोया, संतोष सारथी, विक्की सारथी, अवधेश कुर्रे, बाबूलाल, हलरे पात्रे, अरूण राज, सत्या रवि सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांसद ने गयाबोध को बनाया प्रतिनिधि

**अनूपपुर।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने नगर पालिका परिषद बिजुरी की बैठकों में अपनी ओर से भागीदारी के लिए गयाबोध मिश्रा को सांसद प्रतिनिधि नियुक्ति किया है। सांसद कार्यालय द्वारा जारी अधिकृत पत्र में बताया गया कि गयाबोध मिश्रा, पिता संतराम मिश्रा निवासी माइनर्स तिराहा वार्ड क्रमांक 6, बिजुरी जिला अनूपपुर को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। वे उन बैठकों में सांसद का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिनमें स्वयं सांसद उपस्थित नहीं रह सकेंगी।

## निधि ने किया रामलाल का भावपूर्ण श्रृंगार

**मनेन्द्रगढ़।** दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर अग्रसेन भवन में इस वर्ष भक्ति और सृजनशीलता का अनूठा मेल देखने को मिला। एकता ब्यूटी पार्लर की संचालिका श्रीमती निधि अग्रवाल ने अयोध्या धाम में विराजमान भगवान श्री रामलला की प्रतिकृति के रूप में बालक नमन अग्रवाल को दिव्य स्वरूप प्रदान किया। बालक की मोहक और जीवंत प्रस्तुति ने उपस्थितजन का मन भाव-विभोर कर दिया। तकनीक और प्रस्तुति का संपूर्ण मिश्रण निधि अग्रवाल ने बालक की साज-सज्जा में सूक्ष्मतम बातों का विशेष ध्यान रखा। माथे पर स्वर्णिम तिलक और चंदन की अलंकरण रेखाएं,हल्के मेकअप के साथ गुलाबी आभा, मखमली पीतांबर और कमरबंध ,मुकुट, धनुष-वाण और सृजनात्मक आभूषण के साथ सौम्य प्रकाश प्रभाव के साथ मंच पर अवतरण किया गया। इन सभी तत्वों ने मिलकर ऐसा आभास कराया मानो श्रीरामलला स्वयं मंच पर विराजमान हों।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB (Ortho) MNAMS, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS(General Surgeon), जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले — MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO, कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती — चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव — एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology), दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता — न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव — आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
1.5 TESLA MRI
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262839090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल — MULTISPECIALITY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW — CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषभ गुप्ता — MD Medicine, DM Nephrologist — Gold Medalist

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार — समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार — समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्रोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

सूर्यषष्ठी (छठ) पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं....
एक्वेरियम हाउस एण्ड पेट वर्ल्ड
सभी प्रकार के डॉग एवं पर्सियन कैट उपलब्ध — वास्तु से संबंधित समस्त सामग्री उपलब्ध
समस्त प्रकार के लवबर्ड, रंगीन मछलियां, एक्वेरियम टैंक, मोलडेड एक्वेरियम टैंक, टर्टल फुड, मोटर, हीटर, डॉग फूड, फिल्टर एवं पिंजरो का विशाल संग्रह
उच्च क्वालिटी के ब्रांडेड सामग्री कम कीमत पर उपलब्ध
HOME INTERIOR & DECOR
मैट रनर, पिलो, चादर, सोफा कवर, पेंटिंग कैनवास, फ्लावर, फ्लावर पॉट, कम्पफटर सिनरी एवं विभिन्न प्रकार के गिफ्ट आयटम उपलब्ध है

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 9 नवंबर, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से शाम 5 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — शाम 5 बजे से 7 बजे तक

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 01 नवंबर, 2025 — समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 01 नवंबर, 2025 — समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल — MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ — परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल — MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अक्टूबर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 26 अक्टूबर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

- पार्वती इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग
- पार्वती बी.एड. कॉलेज
- पार्वती पब्लिक स्कूल
- पार्वती कन्या छात्रावास
बी.एड एवं बी.एस.सी. नर्सिंग में प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
15 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
पार्वती ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट
मुख्य कार्यालय - जी.ई.एल चर्च के सामने केदारपुर अम्बिकापुर (छ.ग.)
• S.T., S.C. के छात्र- छात्राओं का नर्सिंग में लगभग निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध
• S.C. S.T. OBC छात्र- छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
• बस , हॉस्टल एवं मेस सुविधा उपलब्ध
कैम्पस - एमजी रोड, मदनपुर नियर सिलफिली, जिला- सूरजपुर
प्रवेश लेने के पूर्व एक बार कैम्पस विजिट हेतु अवश्य पधारे
संपर्क नं. - 9669956040, 9691964461

## खबर संक्षेप

### राइस मिल में धान की बोरियों में दबकर गंभीर रूप से घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर स्थित शिवनन्दनपुर मुख्य मार्ग निवासी व्यवसाई अशोक जिंदल के राइस मिल में रविवार को एक दर्दनाक हादसा में मजदूरी कर रहे 41 वर्षीय महेश पिता मुंशी राम की मौत हो गई है। हर रोज की तरह महेश राइस मिल में मजदूरी का काम कर रहा था, लेकिन एक पल की मामूली चूक ने उसकी जिंदगी छीन ली,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत धरतीपारा निवासी 41 वर्षीय महेश ग्राम लक्ष्मणपुर में राइस मिल में काम करता था। रविवार की दोपहर वह ट्रक से धान की बोरियां उतार रहा था। इस दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 29 एबी 0145 का चालक बिना संकेत दिए अचानक वाहन को पीछे रिवर्स करने लगा। ट्रक की हल्की टक्कर से महेश का संतुलन बिगड़ा और वह वहीं पर गिर गया। तभी ट्रक पर लदी कई भारी बोरियां उसके ऊपर गिर गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिल में मौजूद अन्य मजदूरों ने साथी मजदूर को किसी तरह बोरियों के नीचे से बाहर निकाला। गंभीर अवस्था में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने शाम को उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने शव का पंचनामा एवं पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत, पिता घायल

**अम्बिकापुर।** सीतापुर मंगारी के समीप स्कूटी सवार पिता पुत्री को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई युवती की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सायर राई निवासी राजमोनिया टोप्पो आ.ख्रीस्तोफर टोप्पो (20 वर्ष) 2 अक्टूबर को पिता के साथ मौसा मौसी से मिलने मैनपाट स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएफ 8775 से गए थे। इसी बीच शाम 4.30 बजे अज्ञात लोगों ने फोन कर बताया कि सीतापुर मंगारी के समीप राजमोनिया का अज्ञात वाहन की टक्कर से एक्सीडेंट हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा दोनों गंभीर रूप से घायल पड़े थे। परिजन तत्काल बतौली शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने पिता पुत्री का प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ दिनों तक उपचार कराने के पश्चात पैसा कम पड़ने पर छुट्टी कराकर घर लेकर चले। इसी बीच 14 अक्टूबर को राजमोनिया की तबीयत खराब होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक की टक्कर से कंपाउंडर की मौत

**अम्बिकापुर।** शहर से सोनगरा जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए कंपाउंडर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम पाठकपुर निवासी सेतो राम आ. स्व. भीम (50 वर्ष) पशु विभाग में कंपाउंडर के पद पर सोनगरा में पदस्थ था। 25 अक्टूबर को ड्यूटी करने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीए 5537 से सोनगरा गए थे। इसी बीच निजी काम से शहर आए और काम निपटाने के पश्चात वापस सोनगरा जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार उतकलपारा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### फार्म हाउस में घुसकर नकाबपोशों ने किया युवक पर हमला

**बलरामपुर।** चोरी की नियत से घुसे दो नकाबपोशों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार अस्पताल में जारी है। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस ने एक विधि से संघर्षरत बालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 25 अक्टूबर की रात ग्राम पिंडरा निवासी प्रहलाद दीक्षित के फार्म हाउस वाले घर में अज्ञात लोगों ने घुसकर भतीजे अभय दीक्षित पर प्राणघातक हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके साथ ही प्रहलाद दीक्षित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी भापेंद्र साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान फार्म हाउस में लगे सीसीटीवी की जांच में यह बात सामने आई कि दो नकाब पाशों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच के दौरान पुलिस ने नवडीह खुर्द निवासी 23 वर्षीय मनीष कुमार आ. रामधारी सिंह व एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की नियत से फार्म हाउस में घुसने और अभय दीक्षित पर लोहे के सब्बल से प्राणघातक हमला करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131(4), 131(6), 131(8), 109, 3(5) के तहत कार्रवाई की है।

## भातुपारा बाईपास रोड से गुजरने वाली छात्राओं, महिलाओं को होती है भारी परेशानी

# अहाता लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन कर मुख्य मार्ग से सटकर कराई जा रही शराबखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राजस्व वसूली की जद्दोजहद में सूरजपुर आबकारी विभाग अहाता संचालन के लिए शासन द्वारा जारी किये गये मापदण्ड एवं आबकारी नीति के निर्देशों व नियमों की सरेआम धज्जियाँ उड़ाने में तुली हुई है, छतीसगढ़ आबकारी आयुक्त द्वारा जिन गाइडलाइन मापदण्डों का पालन करने का निर्देश जारी किया गया है। इनमें से अधिकतर गाइडलाइन में दर्ज कण्डीकाओं का उल्लंघन किया जा रहा है।

**खास बातें**

- सूरजपुर आबकारी विभाग की शह पर अहाता संचालन
- आबकारी नीति के गाइडलाइन निर्देशों की सरेआम हो रही अवहेलना

दरअसल नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के बंचरपारा- भातुपारा बाई पास सड़क में स्थित शासकीय कम्पोजिट मदिरा दूकान हेतु ऑनलाइन निविदा पद्धति से अंबिकापुर निवासी श्रीमती रोमा सिंह नामक महिला को संलग्न अहाता लाइसेंस माह जुलाई 2025 को आबकारी विभाग सूरजपुर ने जारी किया,उक्त जारी हुए सीएस 2 देशी कम्पोजिट अहाता लाइसेंस की मार्च 2025 तक के अवधि की कुल प्रतिफल राशि 7 लाख 54 हजार रुपये निर्धारित हुई है,इस पर लाइसेंस धारक रोमा सिंह के रिश्तेदारों ने करीब डेढ़ माह तक शासकीय दुकान के पीछे बंद परिसर में संलग्न अहाता संचालन किया,बाद में किसी कारणवश काम को बंद कर सभी सामान को समेटकर वापस लौट गये,अब कुछ दिनों पश्चात से इसी अहाता लाइसेंस की आड़ लेकर सूरजपुर निवासी युवकों द्वारा स्थल बदलकर बाई पास मुख्य मार्ग से सटकर खुले में शराबखोरी कराई जा रही है,ऐसे में बंचरपारा- भातुपारा बाई पास पक्की सड़क से गुजरने वाले महिलाओं, बच्चियों समेत अन्य ग्रामीण लोगों को काफी तकलीफें झेलनी पड़ रही हैं।इस पुरे मामले में प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर एवं उपनिरीक्षक आबकारी की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।


अहाता में संचालित शराब दुकान।


खुले में शराब पीते लोग।

### सक्षम अधिकारी के अनुमति लिए बिना किया गया देशी कंपोजिट अहाता स्थल परिवर्तन

जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर द्वारा जारी किये गये सीएस 2 देशी कंपोजिट संलग्न अहाता लाइसेंस की कण्डीका 2 में उल्लेखित है कि अनुज्ञप्ति धारक,अनुज्ञापन अधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी भी परिस्थिति में अनुज्ञप्त परिसर में परिवर्तन नहीं करेगा,लेकिन उक्त मामले में जिला आबकारी अधिकारी की लिखित अनुमति लिए बिना ही संलग्न अहाता को मुख्य मार्ग में शिफ्ट कर दिया गया है,अब बाई पास पक्की सड़क के ठीक बगल में कुर्सी टेबल में बैठे शराबीयों का जमावड़ा लगे रहने से आधा दर्जन से अधिक गाँवो के लोग चिंतित हैं।प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के बाई पास मुख्य मार्ग में अहाता संचालन हेतु नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है, किसी प्रकार के संचालन की कोई अनुमति नहीं ली गई है,इसके अलावा अहाता संचालन करने के लिए अभिकर्ताओं व नौकरों की नियुक्ति बिना जिला आबकारी अधिकारी के अनुमोदन के सूरजपुर निवासी युवकों द्वारा स्वयं से कर ली गई है,आबकारी आयुक्त के दिशा निर्देश अनुसार नौकरनामा अनुज्ञप्ति जारी होने के बाद विभागीय मंजूरी लिया जाना अनिवार्य है।

### नाराज ग्रामीण हुए लामबंद, राज्यपाल समेत मुख्य सचिव व आबकारी आयुक्त को भेजा शिकायत पत्र

नगर शिवनन्दनपुर के भातुपारा- बंचरपारा बस्ती समेत सतपता व कुंजनगर के ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से सटकर खुले में संचालित हो रहे अवैध अहाते की शिकायत छतीसगढ़ राज्यपाल रमन डेका,मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन विकासशील गुप्ता,राज्य आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन,आबकारी सचिव सह आयुक्त आर. शंगीता समेत सूरजपुर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से करते हुए अवैध अहाता संचालन को अतिशीघ्र बंद कराने एवं इस षड्यंत्र में शामिल व्यक्तियों व अधिकारीयों के विरुद्ध न्याय उचित कार्यवाही करने की मांग की है,शिकायत पत्र में उल्लेखित है कि बाई पास पक्की सड़क नगर शिवनन्दनपुर को कुंजनगर,सतपता, हर्राटिकरा को जोड़ने वाली मुख्य सूत्रधार सड़क है, इसका उपयोग आधा दर्जन गाँवो की ग्रामीण महिलाएं,शिक्षिकाएं,छात्रायें एवं बच्चीयां करती हैं जो कि अब खुले में अहाता में हो रही शराबखोरी से अपने आपको असहज व असुरक्षित महसूस करने लगी हैं,कुछ शराबी युवकों द्वारा सड़क से गुजरने वाली छात्राओं को भद्दे व अपमाजनक कमेंट किये जाने की घटनाएं भी हो चुकी हैं।

### स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम के दावों की खुली पोल

संलग्न देशी कंपोजिट अहाता लाइसेंस में जारी गाइड लाइन की कण्डीका 6 (क) के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी ने लाइसेंस धारक को निर्देशित किया है कि पर्यावरण एवं साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए अहातों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय प्रतिषिद्ध रहेगा,लेकिन सूरजपुर निवासी युवकों के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के लाइसेंस का दुरूपयोग करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का पानी पाउच थैली,डिस्पोजल प्लास्टिक ग्लास व सिंगल यूज प्लास्टिक पानी बोतल का खुलेआम उपयोग एवं विक्रय दोनों ही कराया जा रहा है,इन सब के बावजूद जिले के जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किये हुए हैं,गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अगुवाई ने जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा अभियान व जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत कर शिवनन्दनपुर के अलग अलग जगहों पर सफाई कराये जाने की बात कही गई,लेकिन उक्त कार्यक्रम सिर्फ कागजों में सिमटता दिख रहा है,बंचरपारा -भातुपारा बाई पास सड़क में अहाता के आसपास खुले में डिस्पोजल प्लास्टिक की बोतलें,ग्लास व पानी पाउच प्लास्टिक थैली की गन्दगी का अम्बार खुले में फेंकाया हूआ दिखता है।

### आबकारी अधिनियम के तहत की जाएगी कार्रवाई

शासकीय शराब दुकान के परिसर से करीब 100 मीटर की दुरी तक अहाता का संचालन किया जा सकता है। अंबिकापुर निवासी लाइसेंस धारक महिला द्वारा सूरजपुर निवासी मोहन राजवाड़े के साथ पार्टनरशिप में अहाता का संचालन किया जा रहा है, अगर नियम अनुसार संचालन नहीं हूआ तो सम्बंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। अन्य प्रांतों के शराब की बिक्री व सेवन एवं महुआ देसी शराब को अहाता में परोसना प्रतिबंधित है। मौके पर ऐसा होना पाया गया तो आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

**-अनिल मित्तल**, प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर

### आबकारी आयुक्त द्वारा जारी अहाता संचालन मापदण्डों का हो रहा उल्लंघन

देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहाता संचालन हेतु आवश्यक मापदण्ड एवं दिशा निर्देश आबकारी आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी को पालन कराने हेतु जारी किये गये हैं,इसके अनुसार अहाता सम्बंधित मदिरा दूकान से संलग्न होगा,अहाते का उपभोग बंद परिसर-कवर्ड एरिया में कम से कम 150 वर्ग फ़ीट होगा, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अहाता का संचालन बंद परिसर में इस प्रकार किया जायेगा जिससे कि निकटवर्ती रहवासियों एवं जनसामान्य को कोई असुविधा न हो,अहाता का प्रवेश द्वार यथासंभव मुख्य मार्ग-आम रास्ता की ओर नहीं रहेगा,आबकारी आयुक्त द्वारा जारी किये गये इन मापदण्डों व दिशा निर्देशों का पालन कराने के बजाये सूरजपुर जिले के अधिकारी खुलेआम इसका उल्लंघन करने पर उतारू हैं,प्राप्त जानकारी अनुसार संयुक्त जिला कार्यालय में पदस्थ एक आबकारी अधिकारी एवं एक उपनिरीक्षक रैंक के अधिकारी ने व्यक्तिगत लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से आबकारी नियमों व अहाता नीति निर्देशों को ताक पर रखा हुआ है।

### संचालन की नहीं दी गई है अनुमति

बंचरपारा -भातुपारा बाई पास मुख्य मार्ग में अहाता संचालन हेतु किसी भी व्यक्ति को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है और संचालन की अनुमति नहीं दी गई है। ग्रामीणों से शिकायत पत्र प्राप्त हूआ है। मामला आबकारी विभाग से जुड़ा हूआ है। कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई करने के लिए अनुशंसा की जाएगी।

**-सुनील सिन्हा**
सीईओ नपं शिवनंदनपुर

## ग्राम मदनपुर में मध्य रात्रि अज्ञात कारणों से डीजे संचालक के दो वाहन व जनरेटर जलकर खाक





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम मदनपुर मंदिरपारा में रविवार की मध्यरात्रि उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार के दो वाहन में अज्ञात कारणों से आग लगने से दोनों वाहनों के अलावा जनरेटर जलकर खाक हो चुका है।

- करीब 15 लाख रुपए की क्षति का अनुमान, सीसीटीवी फूटेज की जांच कर रही पुलिस

गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर मंदिरपारा निवासी प्रार्थी 25 वर्षीय आशीष सिंह पिता सुबोध सिंह जो पेशे से डीजे साउंड सिस्टम संचालक हैं। ने बीती रात करीब साढ़े नौ बजे अपनी मारुति नेक्सा फ्रोंक्स कार क्रमांक सीजी 29 एएच 6265 को जनरेटर लोड अपने मिनी ट्रक सीजी 04 जेसी 0211 के सामने घर के बाहर खड़ी कर पार्क किया था। बीती रात करीब दो बजे जब आशीष सिंह के पिता सुबोध सिंह लघुशंका के लिए बाहर निकले। तो उन्होंने देखा कि कार और ट्रक दोनों से धुआं उठ रहा है। उन्होंने घबराकर शोर मचाया, जिसके बाद परिजन और पड़ोसी मौके पर दौड़े,परिजन इस घटना के पीछे किसी साजिश की आशंका जता रहे हैं। इस आगजनी में कार, मिनी ट्रक और उसमें रखा जनरेटर पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। प्रारंभिक अनुमान में करीब 14 से 15 लाख रुपए के नुकसान हो जाने की आशंका जताई जा रही है,डीजे संचालक आशीष सिंह ने बताया कि मिनी ट्रक का उपयोग विवाह, धार्मिक आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में होता था,जो दुर्गा पूजा के बाद से घर के बाहर खड़ा हूआ था,आग लगने के कारण पूरा कामकाज प्रभावित हो गया है,घटना के बाद प्रार्थी ने कुछ संदिग्ध लोगों पर संदेह जताया है,जिनसे हाल ही में विवाद होने की बात सामने आई है,पुलिस ने प्रार्थी के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले को संदेहास्पद आगजनी के रूप में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, मामले में जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है,यह शॉर्ट सर्किट था या फिर किसी ने जानबूझकर आग लगाई,यह जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा,पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की भी जांच कर रही है।

## छठ महापर्व पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



छठ महापर्व पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में महामना मालवीय मिशन के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता एवं गीता मर्मज्ञ पं.रामनारायण शर्मा, शायर-ए-शहर यादव विकास, एसपी जायसवाल, रामलाल विश्वकर्मा और व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की।

प्रारंभ में एसपी जायसवाल और बीडी लाल रचित सरगुजिहा रामायणों का संक्षिप्त पाठ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति अर्चना पाठक ने दी। ब्रह्माशंकर सिंह ने छठ महापर्व के पौराणिक और वैज्ञानिक संदर्भों में कहा कि सूर्य और छठ माता का संबंध भाई-बहन का है। मूल प्रकृति के छठवें अंश से उत्पन्न होने के कारण इनको षष्ठी के नाम से जानते है। वह कार्तिकेय की माता भी है। इन्हे देवसेना और मां कात्यायनी के रूप में भी जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान सूर्य ने षष्ठी की पहली पूजा की थी। वैज्ञानिक दृष्टि से षष्ठी के दिन विशेष खगोलीय परिवर्तन होता है जब सूर्य की पैराबैंगनी किरणें असामान्य रूप से एकत्रित होती है। इनके कुप्रभावों से बचने के लिए उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठव्रत किया जाता है। भगवान राम ने भी सूर्य-पूजा की थी। सूर्य पुत्र कर्ण ने भी प्रतिदिन घंटों कमर तक जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया था। आज भी सूर्य को अर्घ्य देने की यही पद्धति प्रचलित है। एसजी जायसवाल ने कहा कि छठ पर्व में व्रती का साथ उसके परिजन भी देते है। चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती अपना व्रत तोड़ते है और प्रसाद बांटते है। पं.सच्चिदानंद पाण्डेय ने कहा कि प्रकृति से आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर वापस उसी को अर्पित करना छठ में ही दिखाई देता है। इस पर्व से लोगों में आपसी प्रेम, भाईचारा और प्रकृति के प्रति भी सेवा, समर्पण, त्याग और उसकी सुरक्षा का भाव भी पैदा होता है। काव्यगोष्ठी में श्यामबिहारी पाण्डेय ने नदी तीर तालाब पर, छठ मैया की धूम, अर्चना पाठक ने हमनी के मिले तोरी छईया हे छठी मईया, पूनम दुबे वीणा ने कईले बानी घर के बरतियां छठी मईया, आशा पाण्डेय ने पूरी करी छठी मईया हमरो सपनवा, नीलिमा जायसवाल ने छठी मैया आती है कार्तिक मास में, संस्था के अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने छठ व्रतियों की कामना करें दिनेश, रामलाल विश्वकर्मा ने जैसे कोई पिपासु आकुल, शिरीन खान ने जिंदगी एक सराब है शायद, अजय सागर ने जो भूल गए मुझको, चंद्रभूषण मिश्र ने उनकी वफा और मेरी बेवफाई पर मैं इतराता ही रहा, शायर-ए-शहर यादव विकास ने बंजारा दिल से प्यार किसी ने किया नहीं रचना सुनाई। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद और मनीलाल गुप्ता उपस्थित थे।

## सीनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों का ऑडिशन राउंड आज से

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान कराए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के सीनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों का ऑडिशन राउंड 28 अक्टूबर से शुरू होगा। ऑडिशन राउण्ड के पश्चात फाइनल में जगह बनाने वाले प्रतिभागियों का भव्य फाइनल मुकाबला 2 नम्बर को होगा। गौरतलब है कि शारदीय नवरात्र महोत्सव को लेकर मणिपुर, दर्रीपारा में अनोखी सोच संस्था द्वारा कई प्रतियोगिता का आयोजन प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया गया। नवरात्र के प्रथम दिवस से ही कई आयोजन शुरू हुआ। रंगोली, मेहंदी, रस्साकशी सहित अन्य प्रतियोगिता संपन्न हुआ। वहीं 28 अक्टूबर से सिनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों ऑडिशन राउंड शुरू होगा। 28 अक्टूबर को जूनियर सिंगल डांस, 29 अक्टूबर को ग्रुप डांस, 30 अक्टूबर को सीनियर सिंगल डांस होगा जबकि 31 अक्टूबर को ग्रुप डांस का पहला सेमी फाइनल, 1 नवम्बर को जुनियर, सिनियर सिंगल डांस का सेमी फाइनल और 2 नवम्बर को सेमी फाइनल विजेता के बीच फाइनल मुकाबला होगा। संस्था द्वारा विजेताओं के लिए आकर्षक इनाम रखा गया है, जिसमें जुनियर सिंगल डांस के प्रथम पुरस्कार 55 इंच टीवी, द्वितीय एंड्राइड टेबलेट व तृतीय पुरस्कार स्पोर्ट्स साइकिल, ग्रुप डांस में प्रथम 2 लाख 51 हजार, द्वितीय 75 हजार, तृतीय 51 हजार, सीनियर सिंगल डांस में प्रथम 1 लाख, द्वितीय 51 हजार, तृतीय 21 हजार रखा गया है। डांस प्रतियोगिता में शहर के अलावा अन्य जिलों और प्रदेश के प्रतिभागी शामिल होंगे।

- 2 नवम्बर को होगा फाइनल मुकाबला

## धान खरीदी शुरू होने से पहले सक्रिय हुए कोचिए



**अंबिकापुर।** अभी धान खरीदी प्रारंभ होने में काफी समय शेष है लेकिन अभी से ही कोचिए सक्रिय हो गए है और बाहर से अवैध तरीके से धान का परिवहन करना शुरू कर दिया है। कोचियों की सक्रियता को देखते हुए प्रशासन की टीम भी मुस्तैद हो गई है तथा कोचियों पर नजर रख रही है। इस बीच प्रशासन की संयुक्त टीम ने विकासखंड वाड्रफनगर के अंतर्गत रघुनाथनगर एवं मुरकौल से अवैध तरीके से धान परिवहन करते दो पिकअप को पकड़ने के साथ ही 150 बोरी धान जब्त किया है।

धान खरीदी के सीजन में बलरामपुर जिले में यूपी, बिहार से अवैध धान खपाने का काम जोर शोर से चलता है। खरीदी शुरू होने के बाद कार्रवाई से बचने के लिए कोचिए अब खरीदी शुरू होने के पहले ही धान का दूसरे राज्यों से लाकर भंडारण कर रहे है। ऐसे अवैध धान की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस बीच एसडीएम वाड्रफनगर नीरनिधि नंदेहा के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रघुनाथनगर में अवैध धान परिवहन करते एक पिकअप को जब्त किया गया है पिकअप में लगभग 70 बोरी धान लोड किया गया था। जांच करने पर चालक द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार ग्राम मुरकौल में भी एक पिकअप वाहन में लगभग 80 बोरी धान का परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालक द्वारा उक्त धान के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्री कटारा ने शासन की मंशानुसार समर्थन मूल्य में धान खरीदी को लेकर सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

- दो पिकअप से 150 बोरी अवैध धान जब्त



## गंगापुर तुलसी चौक के पास भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी पीएम के मन की बात

**अम्बिकापुर।** शहर के गंगापुर तुलसी चौक के पास कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया गया। अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अम्बिकापुर में प्लास्टिक कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए अपनाई गई अभिनव पहल की प्रशंसा की है। मन की बात में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अम्बिकापुर नगर निगम द्वारा संचालित गार्बेज कैफे स्वच्छता और सेवा का अनोखा संगम है, जहां लोग प्लास्टिक कचरा देकर बदले में भरपेट भोजन या नाश्ता प्राप्त करते है। इस पहल के तहत यदि कोई व्यक्ति एक किलो प्लास्टिक कचरा जमा करता है, तो उसे दोपहर या रात का भोजन मिलेगा, वहीं आधा किलो कचरे पर नाश्ता प्रदान किया जाता है। यह कदम न केवल शहर को स्वच्छ बनाने में मदद करता है बल्कि सामाजिक जागरूकता और सहयोग का भी प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री के मन की बात में अम्बिकापुर नगर निगम की इस पहल का उल्लेख होने से सरगुजा समेत पूरे प्रदेश में उत्साह की लहर है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों को देश के साथ साझा किया था। इस दौरान नगर मंडल मंत्री शैलेंद्र शर्मा, अभिषेक शर्मा, रूपेश दुबे, अभिषेक सिंहदेव, रविंद्र तिवारी, शैलेंद्र चौबे, प्रिंस तिवारी, संतन सोनी, दीक्षित यादव, मनेन्द्र पासवान, उमेश पटेल, संतोष तिवारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### घुनघुट्टा खर्रा नदी पर गंगा आरती रही आकर्षण का केंद्र

**दरिमा।** घुनघुट्टा खर्रा नदी पर भी इस वर्ष हजारों की संख्या में व्रतियों ने छठ पूजा की। छठ पूजा को लेकर घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति सोहगा करजी द्वारा वृहद पैमाने पर तैयारियां की गई थी। इस वर्ष समिति द्वारा व्रतियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर समिति ने 2100 घाटों का निर्माण किया है। शाम को व्रतियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। समिति द्वारा बार भी भक्तों के लिए जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भोजपुरी कलाकार प्रवीण सिंह ने भक्ति गीतों से शमा बांध दिया। इसके साथ ही बनारस से आए विद्वानों द्वारा की गई गंगा आरती भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। खर्रा नदी के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद गंगा आरती की गई।

### विधायक पोर्ते ने अटल परिसर सहित कई निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर में आयोजित भव्य समारोह में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने विकास की अनेक सौगातें क्षेत्रवासियों को समर्पित कीं। इस अवसर पर उन्होंने अटल परिसर, सामुदायिक पुस्तकालय, ब्लड बैंक भवन, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष और इनडोर स्टेडियम का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक पोर्ते ने कहा कि बहुत ही कम समय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रतापपुर विकासखंड को विकास कार्यों की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सड़कों की जाल बिछाने का कार्य जारी है ताकि ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रतापपुर क्षेत्र को 23 नई सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने पक्की तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों की राशि का प्रस्ताव रखा, जिस पर विधायक ने सहमति जताते हुए कहा कि नगर के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान नपं अध्यक्ष मानती सिंह, उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखमनिया सिंह, प्रेमपाल अग्रवाल, अंबिका जायसवाल, आनंद शुक्ला, अवधेश पांडे, गुलाब तिवारी, राम रतन गुप्ता, कृष्ण मुरारी शुक्ला, विक्रम नामदेव, विक्रम सिंह, योगेंद्र सिंह, शाहिद सहित नगर पंचायत सीएमओ यूसीप्रिया एक्का, एसडीएम ललिता भगत, तहसीलदार,पार्षद सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### स्कूल परिसर में निकला विशाल अजगर सांप, रेस्क्यू कर छोड़ा जंगल में

**लखनपुर।** स्कूल परिसर में विशाल काय अजगर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद अजगर सांप देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार की दोपहर 3.30 बजे विकासखंड के ग्राम लहपटरा हाई स्कूल मैदान में कुछ लोगों की नजर विशाल अजगर सांप पर पड़ी। परिसर में लगभग 5 फीट का अजगर सांप मौजूद था। सांप निकलने की घटना सामने आने के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस दौरान लोगों ने अजगर सांप का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल दिया। स्थानीय युवकों ने अजगर निकलने की जानकारी वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद स्नेक मैन अमित कुमार लकड़ा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षित तरीके से अजगर सांप का रेस्क्यू कर सलका जंगल में छोड़ा दिया है।



### मवेशी से टकराई बाइक, मामा की मौत, भांजा घायल

**अम्बिकापुर।** रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम लगड़ी निवासी सुखदेव सिंह आ. बिचू सिंह (44 वर्ष) 22 अक्टूबर को भांजा जय सिंह के साथ बाइक से ग्राम भेसकी कैलाशपुर से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम गुडरू के समीप पहुंचे तभी सड़क पर जा रहे मवेशियों से टकरा गए। दुर्घटना में मामा भांजा घायल हो गए। परिजन घायलों को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां सुखदेव की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पेज 1 के शेष...

### चक्रवाती तूफान के प्रभाव से...

कर रहे हैं। अधिकांश कटी फसल को किसानों ने सूखने के लिए खेतों में ही छोड़ दिया है। ऐसे में बारिश होने पर फसल के भींगकर खराब होने के डर से किसान काफी चिंतित हैं। अभी फसल खेतों में पड़ी है। इसलिए वर्षा से बचाने का कोई उपाय भी नहीं सूझ रहा है। गीली फसल को खलिहान में रखने पर भी फसल खराब हो जाएगी तथा भींगने पर दोनों के खराब होने एवं काले पड़ने की संभावना है।





## छठ गीतों से गुलजार हुए छठ घाट, लोगों में भारी उत्साह

# व्रतियों ने अस्ताचल सूर्य को दिया अर्घ्य, की पूजा

### सैकड़ों व्रतियों ने अस्ताचल सूर्य को दिया अर्घ्य

**सूरजपुर।** छठ महापर्व के तीसरे दिन आज सैकड़ों की संख्या में छठ व्रतियों ने अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पर्व के अवसर पर नगर का माहौल भक्तिमय रहा और सभी छठ घाटों में हजारो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। छठ पूजा में उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर पुलिस द्वारा नगर में व्यापक इंतजार किया गया। मंगलवार को छठ पूजा के अंतिम दिन उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने तथा हवन पूजन के साथ कठिन व्रत संपन्न होगी। गौरतलब है कि छठ पूजा को लेकर विभिन्न समिति सहित पुलिस व प्रशासन द्वारा छठ पूजा को लेकर छठ घाट में व्यापक इंतजाम किया जिससे छठ व्रत के कठिन उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नहाय खाय से प्रारंभ हुई कठिन व्रत के तीसरे दिन आज रेड नदी सहित अन्य छठ घाटों में सैकड़ों की संख्या में व्रती भगवान सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे। नगर में व्रतियों के छठ घाट आने तथा वापस लौटने से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। इधर छठ घाटों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और अस्ताचल सूर्य को विधि-विधान पूर्वक अर्घ्य दिया। वहीं श्रद्धालुओं ने फल वितरण कर उपासकों का आर्शीवाद लिया। मंगलवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने तथा हवन पूजन के साथ कठिन व्रत की समाप्ति होगी।

### कोयलांचल नगरी में भक्तिभाव से अस्तांचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य



**बिश्रामपुर।** सूर्य उपासना के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा का उत्सव सोमवार को कोयलांचल और आसपास के इलाकों में भक्तिभाव व उत्साह के साथ मनाया गया। दिनभर की तैयारियों के बाद शाम को व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पूजा अर्चना की। संध्या बेला में घाटों पर ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और छठ गीतों से पूरा इलाका गूंज उठा। गौरतलब है कि नगर के गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित छठ घाट, गोरखनाथपुर रेण नदी, हर्राटिकरा घुनघुट्टा नदी, केनापारा क्वारी, तेलईकछार नाला, कुमदा कॉलोनी का तुर्रा नाला, बिश्रामपुर पासिंग नाला और सिलफिली पासिंग नाला किनारे बने घाटों पर दोपहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। व्रती पारंपरिक वेशभूषा में सज-संवर कर टोकरी, सुपा, ठेकुआ, कसार, नारियल और फल-सामग्री लेकर घाटों तक पहुंचे। जहां शाम 5 बजकर 40 मिनट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया।हर घाट को रंग-बिरंगी झालरों, दीपों और फूलों से सजाया गया था। सफाई, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई थी। जलकुंडों को साफ कर उनमें दीप तैराए गए, जिससे घाटों का दृश्य अलौकिक और मनमोहक बन गया। गायत्री मंदिर परिसर का घाट तो रोशनी से जगमगा उठा था, जहां श्रद्धालु परिवारों के साथ-साथ सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, सुरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, इंजी.विनय सिंह, पूर्व नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष राजेश यादव, नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव ने भी पहुंचकर पूजा-अर्चना कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए लोगों से चर्चा की। अब श्रद्धालु मंगलवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ महापर्व की पूर्णाहुति देंगे। व्रती सूर्योदय से पूर्व घाटों पर पहुंचकर प्रसाद और पूजा सामग्री तैयार करेंगे। उगते सूर्य की लालिमा के साथ जब अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, तब पूरा क्षेत्र एक बार फिर भक्ति की लहर में डूब जाएगा।

### अस्ताचल सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य



**बिहारपुर।** क्षेत्र में सूर्योपासना का महापर्व छठ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। व्रतियों ने परंपरागत तरीके से नदी-नालों में स्नान कर डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिजन के सुख-समृद्धि की कामना की। ग्राम पंचायत महुली स्थित बकबुड़वा नाला के किनारे समिति द्वारा भव्य छठ घाट का निर्माण कराया गया है। घाट की भव्य सजावट करने के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टेंट पण्डाल की भी व्यवस्था की गई है। सोमवार को अपराह्न 3 बजे क्षेत्र में अच्छी बारिश होने के कारण श्रद्धालुओं एवं समिति के सदस्यों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा। बारिश बंद होने के बाद श्रद्धालु व्रती महिलाओं के साथ सूप-टोकनी लेकर अपने घर से निकले। इस दौरान कई व्रती महिलाएं घर से घाट तक दण्डवत करते पहुंची। इस दौरान घाट पहुंचने वाले मार्ग एवं घाट छठ गीतों से देर शाम तक गुलजार रहे। आसमान पर घने बादल छाए रहने के कारण शाम में व्रतियों ने सूर्यास्त का समय देखकर अस्तायगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पर्व को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह है।

### उत्तरवाहिनी गेउर नदी तट पर भक्ति भाव से मनाया गया छठ पर्व



**राजपुर।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ क्षेत्र में भक्ति भाव के साथ मनाया गया। नगर के उत्तरवाहिनी गेउर नदी तट पर व्रतियों ने अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की। बता दें कि छठ पूजा को लेकर नगर में बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। नगर के उत्तरवाहिनी गेउर नदी तट पर श्रद्धालुओं व व्रती के लिए 50 से अधिक पंडाल लगाए गए हैं, जिनकी व्रतियों की कुल संख्या 276 तक पहुंची है। गेउर नदी तट पर आस पास के मोहल्लों के साथ ही महुआपारा, बूढ़ाबगीचा, खुटनपारा, गांधी चौक, बाजारपारा, सरनापारा, नवकी, बकसपुर आदि से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन में सोनी समाज राजपुर की भूमिका भी सराहनीय रही है। समाज के अध्यक्ष सुरेश सोनी के नेतृत्व में समाज द्वारा श्रद्धालुओं के लिए गन्ना, नारियल और फल की व्यवस्था की गई है। छठ पर्व के अवसर पर इस वर्ष भी गंगा आरती का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आरती के लिए वाराणसी से विशेष पुजारियों की टीम राजपुर पहुंची है।

### रामानुजगंज में छठ पर्व की अद्भुत छटा, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब



रामानुजगंज। सूर्य उपासना के महापर्व छठ के तीसरे दिन नगर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब कनहर नदी के तटों पर उमड़ पड़ा। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण और छठ गीतों की गूंज ने एक अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया। छठ पूजा समितियों और नपा प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर व्यवस्था की गई थीं। घाटों पर सुरक्षा, प्रकाश, साफ-सफाई और पेयजल की विशेष व्यवस्था रही। नगर में कई छठ घाट आकर्षण का केंद्र बने। नवयुवक दुर्गा पूजा संघ द्वारा तैयार की गई सात घोड़ों पर सवार सूर्य भगवान की भव्य मूर्ति तथा दबगर समाज द्वारा शिव मंदिर घाट में स्थापित सात घोड़ों वाले सूर्य भगवान की मूर्ति श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। नवयुग दुर्गा पूजा संघ के सदस्य आलोक गुप्ता एवं अमित जायसवाल ने बताया कि छठ पूजा की तैयारियां 15 दिन पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गई थीं। नगर के सात प्रमुख घाट जिनमें राम मंदिर कन्हर घाट, शिव मंदिर घाट सहित अन्य घाट शामिल हैं जहा श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने घाटों पर रहकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रहे। वहीं कृषि मंत्री रामविचार नेताम की ओर से श्रद्धालुओं को छठ पूजन सामग्री का वितरण किया गया।

### देव तालाब व सती घाट पर दिया गया अर्घ्य



**लखनपुर।** लोक आस्था का महापर्व छठ विकासखंड क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। सोमवार की शाम अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर श्रद्धालुओं ने छठी मइया से अपने परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। लखनपुर के देव तालाब सहित सतीघाट में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। व्रती महिलाएं परंपरागत वेशभूषा में सजधज कर सूर्य देव को अर्घ्य देने पहुंची। तालाब और घाटों पर जय छठी मइया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही घाटों की साफ-सफाई की गई थी और नगर पंचायत द्वारा सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई थी। महिलाएं एवं पुरुष व्रती नदी और तालाब के जल में खड़े होकर फल, फूल, ठेकुआ, नारियल, केले, गन्ने आदि से भगवान सूर्य की उपासना की। लखनपुर के देव तालाब में श्रद्धालुओं की भीड़ देर शाम तक बनी रही। स्थानीय युवाओं एवं सामाजिक संस्थाओं ने भी व्यवस्था में सक्रिय सहयोग किया।



अम्बिकापुर। शंकरघाट में अर्घ्य देते श्रद्धालु।



छठ घाटाते जाते श्रद्धालु।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# 86 टीडीएस के साथ कनहर का पानी गंगा के समान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज में बहने वाली जीवनदायिनी कनहर नदी इस बार भी छठ पर्व की आस्था का मुख्य केंद्र बनी हुई है। आज हजारों श्रद्धालुओं ने इसी नदी के तट पर पहुंचकर सूर्य उपासना के इस महापर्व का अर्घ्य अर्पित किया।

- कनहर नदी बनी छठ पर्व की आस्था का केंद्र, देश में सबसे शुद्ध जल स्रोतों में एक

एक ओर पूरे देश में नदियों और जल स्रोतों के टीडीएस स्तर अधिक होने को लेकर चिंता जताई जा रही है, वहीं कनहर नदी इस दृष्टि से एक मिसाल बनकर उभरी है। परीक्षण में कनहर नदी के जल का टीडीएस स्तर केवल 86 पाया गया है,जो पूर्ण रूप से शुद्ध और पीने योग्य श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि 300 से कम टीडीएस वाले जल को अत्यंत स्वच्छ और स्वास्थ्य के लिए उत्तम माना जाता है। ऐसे में कनहर नदी का 86 टीडीएस इसे देश की सबसे शुद्ध नदियों में शामिल करता है। यही कारण है कि यह नदी क्षेत्र के लोगों के जीवन का आधार मानी जाती है। कनहर नदी का पानी न केवल शुद्ध है, बल्कि इसका स्वाद भी विशिष्ट और मीठा माना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी के जल में एक प्राकृतिक मिठास और ठंडक बनी रहती है जो किसी अन्य स्रोत में नहीं मिलती। नगर पालिका द्वारा भी इसी नदी के जल को लिफ्ट पंप प्रणाली के माध्यम से शोधन कर घर-घर तक पहुंचाया जाता है, जिससे नगर की बड़ी आबादी प्रतिदिन कन्हर का जल उपयोग करती है। धार्मिक दृष्टि से भी कनहर नदी का विशेष महत्व है। उत्तरवाहिनी नदी है, जिसे गंगा के समान पवित्र माना गया है। छठ पर्व के अवसर पर कन्हर तटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है और पूरा क्षेत्र भक्ति, आस्था और लोक संस्कृति के रंग में रंगा हुआ है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र वासियों की गहरी आस्था कनहर नदी से जुड़ी हुई है कई दशकों से क्षेत्र के लोग पेयजल में नदी का पानी ही पसंद करते हैं। नदी का पानी पूर्णतः शुद्ध रहता है। कनहर नदी गंगा के समान उत्तर वाहिनी है। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता पंकज जैन ने बताया कि 86 टीडीएस से कनहर नदी का पानी पूर्णतया शुद्ध एवं पीने योग्य है।



पानी की शुद्धता की जांच करते अधिकारी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411